हिन्दुस्तान
भरोसा नए हिन्दुस्तान का
1936
सत्य · सार्थक · सदैव
बुधवार
20 मई 2026, बरेली

PAGE NO.- 10 : MIDDLE

रंगोदय वर्कशॉप में हार्टमैन कॉलेज की वंशिका प्रथम

बरेली। बाल एवं युवा महोत्सव 2026 के अंतर्गत एसआरएमएस रिद्धिमा में रंगोदय वर्कशॉप एवं प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें विभिन्न स्कूलों के 40 बच्चों ने हिस्सा लिया। आशीष अग्रवाल एवं सौरव रस्तोगी के निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की रचनात्मकता, प्रस्तुति एवं रंग संयोजन के आधार पर पेंटिंग का मूल्यांकन किया और हार्टमैन कॉलेज की वंशिका कपूर की पेंटिंग को पहला स्थान दिया। दूसरे स्थान पर जीआरएम के अर्श की पेंटिंग और तीसरे स्थान पर नारायण ई टेक्नो स्कूल की काश्वी की पेंटिंग को चुना गया। चेयरमैन देव मूर्ति, ट्रस्ट सेक्रेटरी आदित्य मूर्ति ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किए।

प्रतियोगिता में विजेता छात्रा को पुरस्कार देते संस्थान के चेयरमैन देव मूर्ति।